# दिल मे बसाली मैंने सूरत तुम्हारी

दिल मे बसाली मैंने सूरत तुम्हारी,
बांके बिहारी मेरे कुञ्ज बिहारी,

परदा खुला तेरा तुझको निहारा,
तेरा रूप मुझको लगा प्यारा प्यारा,
तेरी छवि पे जाऊ बलिहारी.
बांके बिहारी मेरे कुञ्ज बिहारी,

दर्शन हुआ तेरा मैं खूब रोया,
भूल गया रास्ता कुञ्ज गलियों में खोया,
कई रात मैंने रो रो के गुजारी,
बांके बिहारी मेरे कुञ्ज बिहारी,

तेरे लिए मैं जग छोड़ दूंगा,
ईशा है अब मैं ब्रिज में रहुगा,
मधुर श्याम प्यार करले अब मुझसे यारी,
बांके बिहारी मेरे कुञ्ज बिहारी,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10482/title/dil-me-bsa-li-maine-surat-tumhari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |